SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(CENTRAL UNIVERSITY)
B-4, QUTAB INSTITUTIONAL AREA, NEW DELHI-110016

क्रमांकः एफ.1(60) / ला.ब.शा.रा.सं.वि / GAD / 2023–24 / 1032 दिनांकः 03.12.2023

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 05.12.2023 को आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह के संबंध में सूचित किया जाता है कि समारोह के दिन अध्यापकों/अतिथि अध्यापकों/अधिकारियों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा जारी निमंत्रण पत्र/पहचान पत्र के आधार पर ही सुरक्षा अधिकारियों द्वारा केवल द्वार संख्या 02 से ही प्रवेश दिया जायेगा। अतः आप सबसे अनुरोध है कि पण्डाल में पूर्वाह्न 10.30 बजे तक अनिवार्य रूप से अपना स्थान ग्रहण कर लें। इसके उपरान्त सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पण्डाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। जिन छात्र-छात्राओं का पहचान पत्र नहीं बना है, वे तत्काल विश्वविद्यालय के संगणक केन्द्र से आवेदन कर अपना पहचान-पत्र प्राप्त कर लें।

दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने के लिए शास्त्री (तृतीय वर्ष), आचार्य (द्वितीय वर्ष), शिक्षाशास्त्री (प्रथम वर्ष), शिक्षाचार्य (द्वितीय वर्ष), शोध-छात्रों तथा छात्रावास में रहने वाले छात्रों को अनुमति प्रदान की गयी है।

दिल्ली पुलिस के निर्देशानुसार समस्त प्रकार के हैण्डबैग/लैडिज बैग, खाद्य पदार्थ आदि पण्डाल में ले जाना वर्जित है। विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार संख्या 02 पर हैण्डबैग/लैडिज बैग,मोबाइल फोन/लैपटाप/अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण एवं कार की रिमोट चाबी आदि को वहाँ पर उपस्थित सुरक्षा कर्मी/सुरक्षा सहयोगी को जमा करवाया जा सकता है। दीक्षान्त समारोह में केवल विशिष्ट महानुभावों (वी.वी.आई.पी.) के वाहनों को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति प्रदान की गयी है। अतः विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे अपने वाहन को विश्वविद्यालय परिसर के पीछे शिवगोरखनाथ मन्दिर परिसर के समीप, सुविधानुसार पार्क कर सकते है।

राष्ट्रपति भवन के निर्देशानुसार पण्डाल में मोबाइल कैमरे से किसी भी प्रकार की फोटाग्राफी वर्जित रहेगी।

सभी से अनुरोध है कि समारोह की गरिमा को ध्यान में रखते हुए इन निर्देशों का पालन करें।

यह आदेश सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार जारी किया जा रहा है।

मनजीत सिंह

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

प्रतिलिपिः-

1. समस्त पीठप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. वित्ताधिकारी/परीक्षा नियंत्रक
3. उप-कुलसचिव (लेखा)/उप-कुलसचिव (परीक्षा)
4. समस्त अधिकारीगण एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारीगण
5. आई.क्यू.ए.सी. एवं कुलानुशासक
6. छात्रावास अधिष्ठाता
7. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
8. अभियान्त्रिकी विभाग
9. समस्त सहायक कुलसचिव एवं अनुभाग अधिकारी
10. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर से यह अनुरोध है कि वे कार्यालय आदेश को वेबसाइट पर अपलोड करें तथा समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
11. जनसम्पर्क अधिकारी
12. विशेष कार्याधिकारी (कुलपति कार्यालय)
13. कुलपति/कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिव
14. समस्त सूचना पट्ट पर छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ
15. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (सा.प्र.)

for website upload

03/12/23

Sh. Sachin